अपने बच्चे को नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र में ले जाना: माता-पिता को क्या जानने की जरूरत है

Department for Education

बाल देखभाल केंद्र और नर्सरी स्टाफ एक ऐसा सुरक्षित तथा खुशनुमा वातावरण प्रदान करता रहता है जहां पर बच्चे सीख सकते हैं और विकास कर सकते हैं।

सभी परिवार 1 जून से 5 साल से कम उम्र के बच्चों को नर्सरियों और बाल देखभाल केंद्रों में भेजने में सक्षम हो गए हैं। यदि आपके सामान्य नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र नहीं खुले हैं, तो आपका स्थानीय प्राधिकारी ऐसा स्थान ढूंढने में मदद कर सकता है जो आपके बच्चे के लिए सही हो।

मुझे अपने बच्चे को वापस उसके नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र में क्यों भेजना चाहिए?

नर्सरियां और बाल देखभाल केंद्र बच्चों के लिए सीखने और दोस्तों के साथ मस्ती करने के लिए बेहद शानदार स्थान हैं। आरंभिक शिक्षा बच्चे के विकास और उनकी संपूर्ण भलाई में सहयोग करती है, और उन्हें एक दिनचर्या प्रदान करने में मदद करती है। बच्चे अपने आरंभिक वर्षों में तेजी से विकास करते हैं, इसीलिए यह महत्वपूर्ण है कि बच्चे अपने नर्सरी या बाल देखभाल केंद्रों वाला समय न गंवा दें।

उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नर्सरियों और बाल देखभाल केंद्रों ने क्या सुरक्षात्मक उपाय अपनाए हैं?

नर्सरियों और बाल देखभाल केंद्रों ने दरवाजे के हैंडल, टेबलटॉप, खेल उपकरणों और खिलौनों जैसी साझा सतहों की ज्यादा साफ-सफाई रखने की प्रक्रियाएं अपनाई हैं। साथ ही वे बार-बार हाथ धुलने और यथासंभव समूहों के बीच संपर्क कम रखने को बढ़ावा दे रहे हैं।

यदि पता चलता है कि कोई कोरोनावायरस (कोविड-19) के लिए जांच में पॉजिटिव पाया गया है तो तेजी से कदम उठाने के लिए नर्सरियां और बाल देखभाल केंद्र NHS टेस्ट और ट्रेस प्रक्रिया के साथ भी जुड़ रहे हैं।

क्या मेरे बच्चे के लिए अपने नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र में लौटना सुरक्षित है?

पब्लिक हेल्थ इंग्लैंड (PHE) इस बारे में स्पष्ट है कि यदि नर्सरियों और बाल देखभाल केंद्रों में नियमित हाथ धुलने और साफ-सफाई के उपाय लागू किए जाते हैं तो संचारण और संक्रमण का खतरा कम है। साक्ष्य दर्शाते हैं कि बच्चों में आमतौर पर हल्के या कोई लक्षण नहीं होते और उन्हें वयस्कों की तुलना में वायरस से प्रभावित होने का खतरा कम हो सकता है।

यह महत्वपूर्ण है कि यदि आपके बच्चे (या आपके परिवार में किसी और सदस्य) में कोरोनावायरस (कोविड-19) के कोई लक्षण हैं, तो उन्हें उपस्थित नहीं होना चाहिए और घर पर रहना चाहिए।

यदि मेरे बच्चे की विशेष शैक्षिक आवश्यकताएं और अक्षमताएं (SEND) हैं क्या होगा?

अपने नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र से बात करें और साथ मिलकर अपने बच्चे की वापसी के लिए योजना बनाएं ताकि यह यथासंभव आसान हो।

Department for Education

क्या उन बच्चों के लिए कोई अलग सलाह है जो चिकित्सीय रूप से अत्यधिक संवेदनशील हैं?
सभी वयस्कों और बच्चों के लिए परिरक्षण (शील्डिंग) सलाह 1 अगस्त को रोक दी गई है। इसका मतलब है कि भले ही कम संख्या में ऐसे बच्चे जो कि अभी भी परिरक्षित (शील्डेड) रोगियों की सूची में हैं और जिनके परिवार के सदस्य परिरक्षण में हैं, वे अपने नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र में लौट सकते हैं।

क्या बच्चे वयस्कों की अपेक्षा कोरोनावायरस (कोविड-19) को अधिक संचारित कर सकते हैं?
नहीं। बच्चों के द्वारा वयस्कों की अपेक्षा वायरस अधिक संचारित किए जाने की संभावना नहीं है। असल में, इस बारे में उचित साक्ष्य हैं कि छोटे बच्चों में वयस्कों की तुलना में संक्रमण की दर उल्लेखनीय रूप से कम है, हालांकि यह अभी पुख्ता निष्कर्ष नहीं है।

क्या नर्सरियों और बाल देखभाल केंद्रों में छोटे बच्चों से शारीरिक दूरी बनाने की उम्मीद की जाएगी?
नहीं। हम समझते हैं कि छोटे बच्चों के लिए शारीरिक दूरी रखना मुश्किल है। नर्सरियों और बाल देखभाल केंद्रों द्वारा अन्य सुरक्षात्मक उपायों की श्रृंखला का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें संचारण का जोखिम कम करने के लिए, नियमित रूप से हाथ धुलना और ज्यादा सफाई रखना शामिल है। आपका बच्चा सामान्य रूप से अपने दोस्तों के साथ खेल पाएगा और स्टाफ द्वारा उसकी देखभाल की जाएगी।

क्या नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र में स्थान पाने के लिए माता-पिता दोनों को महत्वपूर्ण कामगार (क्रिटिकल वर्कर) होना चाहिए?
नहीं। 1 जून से 5 साल से कम उम्र के सभी बच्चे नर्सरियों और बाल देखभाल केंद्रों में उपस्थिति के लिए सक्षम हो गए हैं।

मुझे क्या करना चाहिए यदि मेरे बच्चे या मेरे परिवार में किसी को कोरोनावायरस (कोविड-19) के लक्षण हैं?
यह महत्वपूर्ण है कि यदि आपके बच्चे (या आपके परिवार में किसी और सदस्य) में कोरोनावायरस (कोविड-19) के कोई लक्षण हैं, तो उन्हें अपने नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र में उपस्थित नहीं होना चाहिए और घर पर रहना चाहिए। आपको उनके लिए जांच करवाने की व्यवस्था करनी चाहिए और जांच परिणाम अपने नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र को बताना चाहिए। इससे NHS टेस्ट और ट्रेस प्रक्रिया में मदद मिलेगी। यदि आपका कोई जांच परिणाम पॉजिटिव है, तो आपके परिवार को घर पर रहना चाहिए तथा टेस्ट और ट्रेस स्वयं के अलगाव हेतु मार्गदर्शन का अनुसरण करना चाहिए।

तब क्या होता है जब उसी नर्सरी या बाल देखभाल केंद्र में कोई अन्य बच्चा जांच में कोरोनावायरस (कोविड-19) के लिए पॉजिटिव पाया जाता है?
यदि आपका बच्चा कोरोनावायरस (कोविड-19) के लिए जांच में पॉजिटिव पाए गए किसी व्यक्ति के निकट संपर्क में रहा है, तो आपसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा जाएगा कि वे 14 दिनों के लिए अलगाव में (आइसोलेट) रहें। परिवार के अन्य सदस्यों को सिर्फ तभी अलगाव में रहने की जरूरत होगी यदि आपके बच्चे में लक्षण विकसित होना शुरू हो जाते हैं। 5 साल से कम उम्र के बच्चों सहित लक्षण वाले कोई भी व्यक्ति जांच करवा सकते हैं।

क्या परिवारों के लिए बाल देखभाल (चाइल्डकेयर) और नर्सरी खर्चों को लेकर सरकार की मदद उपलब्ध है?
हां। 0-5 साल के बच्चों वाले परिवारों के लिए वित्तीय सहायता की व्यापक श्रृंखला उपलब्ध है। सभी 3 और 4 वर्षीय और कुछ 2 वर्षीय बच्चे सप्ताह में 15 घंटे तक की वित्तपोषित आरंभिक शिक्षा तक पहुंच पाने में सक्षम हैं, जिसकी कीमत औसतन लगभग £2,500 प्रति वर्ष है। 3 और 4 वर्षीय बच्चों के कामकाजी माता-पिता सप्ताह में 15 घंटे तक की एक अतिरिक्त वित्तपोषित आरंभिक शिक्षा के पात्र हैं, जिससे उन्हें प्रतिवर्ष £5,000 तक की बचत होगी। यह जानने के लिए कि आपकी पहुंच किस सहायता तक है **childcarechoices.gov.uk** पर जाएं।

Department
for Education